# यू.जी.सी. एनटीए नेट परीक्षा दिसम्बर-2020/जून-2021
# वाणिज्य
## द्वितीय प्रश्न पत्र
### विश्लेषण सहित व्याख्या

(परीक्षा तिथि : 25.11.2021, Shift-I)

Easy Notes 4u Online Study

**1. Which is the most potent driver of business transformation during Covid-19 pandemic?**
**कोविड-19 महामारी के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसाय पविर्तन का सर्वाधिक प्रबल प्रेरक रहा है?**

(a) Ethical consciousness/नैतिक चेतना
(b) Scale economies and pricing power
वृहत उत्पाद बचतें और मूल्य निर्धारण शक्ति
(c) Technology adoption and innovation
प्रौद्योगिकी अंगीकरण और नवाचार
(d) Supply chain logistics and government interventions/आपूर्ति-श्रृंखला संभारतंत्र और सरकारी हस्तक्षेप

**Ans. (c) :** कोविड-19 महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी अंगीकरण और नवाचार व्यवसाय परिवर्तन का सर्वाधिक प्रबल प्रेरक रहा है। प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से ही समस्त व्यवसायिक सूचनायें उपलब्ध हो सके और व्यवसाय को तकनीकी रूप से विकसित किया जा सके।

**2. Counter Vailing Duties (CVD) are often imposed on imports to offset the impact of**
**निम्नलिखित में से किसके प्रभाव का प्रतिकार करने के लिए प्राय: प्रतिकारी प्रशुल्क (सी वी डी) लगाया जाता है:**

(a) Predatory pricing/स्वार्थचालित मूल्य-निर्धारण
(b) Export subsidies/निर्यात राजसहायता
(c) Dumping/पाटन (डम्पिंग)
(d) Low cost financing/कम लागत वाला वित्तपोषण

**Ans. (b) :** प्रतिकारी शुल्क (Counter Vailing Duties) आयातित वस्तुओं पर लगायी जाती हैं, जिससे कि निर्यातकारी देश में इन वस्तुओं के उत्पादकों को दी गई सब्सिडियों की क्षतिपूर्ति की जा सके। सीवीडी का उद्देश्य किसी उत्पादक के घरेलू उत्पादकों और उसी उत्पाद के विदेशी उत्पादकों जो अपनी सरकारों से प्राप्त सब्सिडी के कारण इसे कम कीमत पर बेच सकते हैं, के बीच समान अवसर उपलब्ध होते हैं। सीवीडी विदेशी प्रतिस्पर्धा के कारण एक ही वस्तु के उत्पादकों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करती है।

**3. To prevent opportunistic takeover of domestic firms amid Covid-19 pandemic, Foreign Direct Investment (FDI) from countries that share borders with India is allowed through**
**कोविड-19 महामारी के बीच घरेलू फर्मों को अवसरवादी अधिग्रहण से बचाने हेतु भारत के सीमावर्ती देशों को निम्नलिखित में से किसके माध्यम से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश करने की अनुमति दी गई है:**

(a) Automatic route/ऑटोमेटिक रूट
(b) Government route/सरकारी रूट
(c) FIPB route/एफ आई पी बी रूट
(d) DPIIT route/डी.पी.आई.आई. टी. रूट

**Ans. (b) :** कोविड-19 महामारी के बीच घरेलू फर्मों को अवसरवादी अधिग्रहण से बचाने हेतु भारत के सीमावर्ती जो देश हैं, उन्हें सरकारी तंत्र या रूट के माध्यम से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने की अनुमति प्रदान की गई, जिससे की घरेलू फर्में बन्द न हो और कुशलतापूर्वक कार्य कर सके।

**4. Factor conditions in Michael Porter's competitive advantage of Nations include**
**माइकेल पोर्टर के राष्ट्रों के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की कारक परिस्थितियों में शामिल हैं :**

(a) Market size/बाजार का आकार
(b) Demand conditions/मांग परिस्थितियां
(c) International competitive suppliers
अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी आपूर्तिकर्ता
(d) Skilled labour and scientific knowledge
कुशल श्रम और वैज्ञानिक ज्ञान

**Ans. (d) :** 1990 में माइकल पोर्टर, जिन्हें आधुनिक रणनीतिक क्षेत्र का संस्थापक माना जाता है, ने "द कॉम्पिटिटिव एडवांटेज ऑफ नेशन्स" नामक पुस्तक प्रकाशित किया। इस पुस्तक में 10 देशों के अध्ययन के आधार पर पोर्टर ने तर्क दिया कि फर्मो और श्रमिकों की सामूहिक रूप से उत्पादकता राष्ट्रीय धन की कुंजी थी। पोर्टर के प्रतिस्पर्धात्मक कारक परिस्थितियों में निम्न शामिल है, पूंजी, मानव संसाधन, कुशल श्रम और वैज्ञानिक ज्ञान सम्मिलित है।

**5. In case the purchasing company agrees to act as the agent of the vendor for collection of the book debts, in the books of the purchasing company, the amount of debtors should be credited to**
**यदि क्रेता कंपनी खाता ऋणों के संग्रहण के लिए विक्रेता के एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए सहमत होती है, तो क्रेता कंपनी के खातों में ऋणदाताओं की राशि निम्नलिखित में से किसके खाते में जमा होनी चाहिए?**



Scanned with CamScanner

(a) Vendor's debtors account/विक्रेता का देनदार खाता
(b) Vendor's suspense account/विक्रेता का उचंत खाता
(c) Debtors account/देनदार खाता
(d) Creditors account/ऋणदाता का खाता

**Ans. (b) :** यदि क्रेता कम्पनी खाता ऋणों के संग्रहण के लिए विक्रेता के एजेण्ट के रूप में कार्य करने के लिए सहमत होती है, तो क्रेता कम्पनी के खातों में ऋणदाताओं की राशि को विक्रेता के उचन्त खाता में जमा करता है। यह एक ऐसा खाता है, जिसका उपयोग अस्थायी रूप से संदिग्ध प्रविष्टियों और विसंगतियों को उनके विश्लेषण और स्थायी वर्गीकरण के लिए लम्बित रखने के लिए किया जाता है।

**6. When the value of "Investment in subsidiary" in the holding company's balance sheet is more than the book value of the net assets acquired, the difference represents**
**जब सूत्रधारी कंपनी के बैलेंसशीट में 'सहायक कंपनी में निवेश'' का मूल्य अर्जित निवल सम्पत्ति के पुस्तक मूल्य से अधिक है, तो इनका अंतर क्या दर्शाता है?**

(a) Capital reserve on consolidation
समेकन संबंधी पूंजी रिजर्व
(b) Goodwill on consolidation/समेकन संबंधी साख
(c) Minority interest/अल्पसंख्यक का हित
(d) Post acquisition profit/अधिग्रहण के उपरान्त लाभ

**Ans. (b) :** जब सूत्रधारी कम्पनी के Balance Sheet में सहायक कम्पनी में निवेश का मूल्य अर्जित निवल सम्पत्ति के पुस्तक मूल्य से अधिक होता है, तो इनके अन्तर को समेकित सम्बन्धी साख के अन्तर्गत प्रदर्शित करता है। ख्याति एक अमूर्त सम्पत्ति है, इसमें कम्पनी शुद्ध सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य पर प्रीमियम का भुगतान करने को तैयार है।

**7. The basic method of valuing human assets is**
**मानव परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन की मूल विधि क्या है?**

(a) Adjustment/समायोजन
(b) Amortization/परिशोधन
(c) Capitalization/पूंजीकरण
(d) Quasi equity/अर्द्ध इक्विटी

**Ans. (b) :** मानव परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन मानव संसाधन लेखांकन से सम्बन्धित है। यह मुख्यतया मानव पूँजी से सम्बन्धित होता है। इसका मूल उद्देश्य मानव संसाधनों के प्रभावी प्रबन्धन की सुविधा है, ताकि मानव संसाधनों का अधिग्रहण, विकास, रखरखाव, उपभोग और मूल्यांकन किया जा सके। मानव परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन की निम्न विधियाँ हैं–
1. ऐतिहासिक लागत विधि/परिशोधन।
2. प्रतिस्थापन लागत विधि।
3. अवसर लागत विधि।
4. आर्थिक मूल्य विधि।
5. मानक लागत विधि।
6. गैर मौद्रिक तरीके।
7. लागत-लाभ विधि।

मानव सम्पत्तियों का परिशोधन भी उसी तरह किया जाता है, जैसे अन्य भौतिक सम्पत्तियों का होता है। सम्पत्ति को उसके उपयोगी जीवन के बट्टे खाते में डाल दिया जाता है। यदि परिसम्पत्ति का समय से पहले परिसमापन किया जाता है, तो उसकी राशि को राजस्व खाते में चार्ज किया जाता है। अतः परिशोधन मानव सम्पत्तियों के मूल्यांकन की मूल विधि है।

**8. X and y are partners, sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. They admit Z into the partnership for $\frac{1}{5}$th share. X and Y decide to share future profits in the ratio of 2 : 1. What is the sacrificing ratio of X and Y?**
**X और Y लाभ और हानि की 4 : 3 के अनुपात में बाँटने वाले साझेदार हैं। वे Z को $\frac{1}{5}$वे हिस्से के लिए साझेदारी में शामिल करते हैं। X और Y भावी लाभ को 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय करते हैं। X और Y के त्याग करने का अनुपात क्या है?**

(a) 4 : 3
(b) 13 : 8
(c) 8 : 13
(d) 4 : 17

**Ans. (d) :** Old ratio of X & Y = 4 : 3
Z admitted for the $\frac{1}{5}$ share.
Future profit of X & Y = 2 : 1
Suppose New Profit = 1
Remaining share after Z's admission = $1-\frac{1}{5}=\frac{4}{5}$
So,
New Profit sharing ratio between X, Y and Z =
X's share = $\frac{4}{5}\times\frac{2}{3}=\frac{8}{15}$
Y's share = $\frac{4}{5}\times\frac{1}{3}=\frac{4}{15}$
Z's share = $\frac{1}{5}$ or $\frac{3}{15}$
New ratio = 8 : 4 : 3
Sacrificing ratio = Old ratio - New ratio.
Sacrificing ratio of:
$$X=\frac{4}{7}-\frac{8}{15}=\frac{4}{105}$$
$$Y=\frac{3}{7}-\frac{4}{15}=\frac{17}{105}$$
Sacrificing Ratio of X & Y = 4 : 17

**9. The value of the firm in wealth maximisation objective is measured by**
**धन अधिकतमीकरण उद्देश्य में फर्म के मूल्य की परिमाप होती है:**

(a) Present value of all expected future cash flows/समस्त प्रत्याशित भावी नकद प्रवाह के वर्तमान मूल्य द्वारा



Scanned with CamScanner

(b) All expected future cash flows/समस्त प्रत्याशित नकद प्रवाह के मूल्य द्वारा

(c) Present value of all expected future profits/समस्त प्रत्याशित भावी लाभों का वर्तमान मूल्य

(d) All expected future profits/समस्त प्रत्याशित भावी लाभ

**Ans. (c) :** फर्म के मूल्य को भविष्य में कई वर्षों में फर्म के मुनाफे/लाभ के लागत प्रवाह के वर्तमान मूल्य की गणना करके मापा जाता है। ऐसा करने के लिए भविष्य के वर्षों के लाभों में छूट दी जानी चाहिए क्योंकि भविष्य के वर्ष में पैसे का मूल्य लाभ के एक रूपये का मूल्य वर्तमान में लाभ के एक रूपये से कम है। अतः धन अधिकतमीकरण उद्देश्य में फर्म के मूल्य की माप समस्त प्रत्याशित भावी लाभों का वर्तमान मूल्य होता है।

**10. For a decline in price, total revenue declines if the demand of the product is**
**कीमत में ह्रास के लिए, कुल राजस्व में कमी आती है यदि उत्पाद की मांग :**

(a) Inelastic/अलोचदार हो

(b) Elastic/लोचदार हो

(c) Unitary elastic/एकल लोचदार हो

(d) Zero elastic/शून्य लोचदार हो

**Ans. (a) :** जब कीमत में कमी आती है, और कुल राजस्व में भी कमी आती है, तो इस दशा में उत्पाद की माँग अलोचदार होगी। कीमत घटने पर यदि कुल राजस्व में बढ़ोत्तरी होती है तो माँग लोचदार होगी तथा यदि कुल राजस्व कीमत घटने पर अपरिवर्तित रहता है तो माँग की लोच इकाई के बराबर होगी।

**11. In Cobb-Douglas production function, $Q = AK^aL^b$ increasing returns to scale occurs when**
**कॉब-डगलस उत्पादन फलन में, $Q = AK^aL^b$ मापनी पर बढ़ते क्रम में प्रतिफल प्राप्त होता है यदि :**

(a) $a + b > 1$

(b) $K + L > 1$

(c) $a + b < 1$

(d) $K + L < 1$

**Ans. (a) :** कॉब-डगलस उत्पादन फलन में उत्पादन फलन का एक विशेष प्रकार्यात्मक रूप है, जिसका व्यापक रूप से दो या दो से अधिक आगतों (विशेष रूप से भौतिक पूंजी और श्रम) की मात्रा और उत्पादन के मात्रा के बीच तकनीकी सम्बन्ध का अध्ययन करने के लिए उपयोग किया जाता है। उपर्युक्त प्रश्न में विकल्प (1) $a + b > 1$ प्रतिफल प्राप्त होगा, जहाँ a = पूंजी (Capital), B = श्रम (Labour)।

**12. The extreme case of non-price competition in an Oligopoly is**
**किसी अल्पाधिकार तंत्र में गैर-कीमत प्रतियोगिता का चरम उदाहरण है :**

(a) Formation of cartels/कार्टेल बनाना

(b) Interdependent decision-making अंतर्निभर निर्णयन

(c) Attaining economies of scale बड़े पैमाने पर उत्पादन की बचतें को प्राप्त करना

(d) Formation of duopoly/द्वयाधिकार का सृजन

**Ans. (a) :** अल्पाधिकार बाजार ऐसे बाजार हैं, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं की संख्या कम होती है अर्थात् एक ऐसी बाजार संरचना है, जिसमें एक बाजार या उद्योग में बड़ी संख्या में बड़े विक्रेताओं या उत्पादकों का प्रभुत्व होता है। उपर्युक्त विकल्पों में कार्टेल बनाना सही उदाहरण है। कार्टेल उत्पादकों का एक समूह है जो अपने हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करता है। कार्टेल तब बनते हैं, जब कुछ बड़े उत्पादक अपने बाजार के पहलुओं के सम्बन्ध में सहयोग करने का निर्णय लेते हैं।

**13. Pecking order theory in finance is based on the assertion of**
**वित्त में पेकिंग आर्डर थियरी निम्नलिखित कथन पर आधारित है :**

(a) Asymmetric information between managers and investors/प्रबंधकों और निवेशकों के बीच असममित सूचना

(b) Symmetric information between managers and investors/प्रबंधकों और निवेशकों के बीच सममित सूचना

(c) Outside information/बाहरी सूचना

(d) Asymmetric information among investors only/केवल निवेशकों में असममित सूचना

**Ans. (a) :** पेंकिग आर्डर थ्योरी, इसे पेकिंग ऑर्डर मॉडल के रूप में भी जाना जाता है, यह कम्पनी की पूँजी संरचना से सम्बन्धित है। इस सिद्धांत को स्टीवर्ट मायर्स और निकोलस मजलुफ द्वारा 1984 में बनाया गया। इस सिद्धांत में कहा गया है कि प्रबंधक निवेश के अवसरों को निधि देने के लिए स्रोतों की निम्न वरीयता प्रदर्शित करते हैं। प्रथम, कम्पनी की बरकरार आय के माध्यम से, उसके बाद ऋण और अन्तिम उपाय के रूप में समता वित्त पोषण का चयन करना है।

यह सिद्धांत असममित जानकारी की अवधारणा से उत्पन्न होता है। असममित जानकारी का अर्थ सूचना विफलता से है।

**14. If a project cost is Rs. 40,000. Its stream of earning before depreciation and tax during first year through five years is expected to be Rs. 10,000, Rs. 12,000 Rs. 14,000, Rs. 16,000 and Rs. 20,000. Assume a 50% tax rate and depreciation on straight line basis; project's ARR is**
**यदि एक परियोजना की लागत रु 40,000 हैं। प्रथम से पंचम वर्ष तक मूल्यह्रास और कर के पूर्व आय की प्रवाह क्रमशः Rs. 10,000, रु. 12,000, रु 14,000, रु 16,000 और रु 20,000 हैं। मान लें कि कर की दर 50% है और मूल्यह्रास सीधी रेखा के आधार पर होता है। परियोजना की ए आर आर (ARR) है:**

(a) 14.40%

(b) 72%

(c) 16%

(d) 55.56%

Easy Notes 4u Online Study



Scanned with CamScanner

**Ans. (c) :** परियोजना की ARR =
कुल आय = ₹72000 (10000 + 12000 + 14000 + 16000 + 20000)
कुल लागत = ₹40000
कुल लाभ = 72000 – 40000
= ₹32000

$$ARR = \frac{\text{औसत वार्षिक लाभ}}{\text{औसत निवेश}}$$

$$\text{औसत लाभ} = \frac{32000}{5} = 6400$$

$$= \frac{6400}{40000} \times 100 = 16\%$$

**15. According to the theory of dividend, the firm should follow its investment policy of accepting all positive NPV projects and paying out dividends if and only if, funds are available :**
**लाभांश के इस सिद्धान्त के अनुसार प्रतिष्ठान को अपनी निवेश नीति यह अपनानी चाहिए कि सभी सकारात्मक NPV परियोजनाओं को स्वीकार किया जाए और लाभांश का भुगतान किया जाए यदि और केवल यदि निधि उपलब्ध हों :**

(a) Bird in hand theory
बर्ड इन हैंड सिद्धान्त
(b) Investor rationality theory
निवेशक तर्कसंगति सिद्धान्त
(c) 100 percent retention theory
100 प्रतिशत प्रतिधारण सिद्धान्त
(d) Residual theory
अवशिष्ट सिद्धान्त

**Ans. (d) :** अवशिष्ट लाभांश सिद्धांत के अनुसार लाभांश तब बाँटना चाहिए जब पूँजीगत व्यय तथा कार्यशील पूँजी के लिए व्यय किए जा चुके हों और उसके बाद भी लाभ शेष बचे। एक फर्म को अपनी निवेश नीति इस तरह अपनानी चाहिए की जितनी भी सकारात्मक शुद्ध वर्तमान मूल्य की परियोजनाओं को स्वीकार किया जाये और लाभांश का भुगतान किया जाये। यह लाभांश नीति व्यवसाय में शून्य अतिरिक्त रोकड़ रखता है। अगर अतिरिक्त नकदी हो तो व्यवसाय में पुनर्निवेश या शेयरधारकों के बीच पुनर्वितरित कर दिया जाना चाहिए।

**16. In Securitisation when no assets are acquired and the collateral is fixed for the life of the asset, the type of a structure is called as**
**प्रतिभूतीकरण में जब किसी परिसम्पत्ति का अधिग्रहण नहीं किया जाता है और पार्श्विक को परिसंपत्ति की पूरी अवधि के लिए निश्चित कर दिया जाता है, तो ऐसे ढाँचे को कहते हैं :**

(a) Revolving structure/परिक्रामी ढाँचा
(b) Amortized structure/परिशोधन ढाँचा
(c) Collateralized structure/पार्श्विकीकृत ढाँचा
(d) Self-liquidating structure/स्व-परिपोषक ढाँचा

**Ans. (d) :** प्रतिभूतीकरण में जब किसी परिसम्पत्ति का अधिग्रहण नहीं किया जाता है और पार्श्विक को परिसम्पत्ति की पूरी अवधि के लिए निश्चित कर दिया जाता है, तो ऐसे ढाँचे को स्व-परिपोषक ढाँचा कहते हैं। यह एक अल्पकालीन ऋण है, जिसे खरीदने के लिए उपयोग की जाने वाली सम्पत्ति द्वारा उत्पन्न धन के साथ चुकाया जाता है। इन ऋणों का उद्देश्य उन खरीद को वित्त-पोषित करना है, जो जल्दी और मजबूती से नकदी उत्पन्न करेंगे।

**17. For a very large sample size the ratio between $SE_{\bar{x}}$ and σ is 8 : 40, Determine the sample size n:**
**एक बहुत बड़े प्रतिदर्श आकार के लिए $SE_{\bar{x}}$ और σ का अनुपात 8 : 40 है। प्रतिदर्श आकार n निर्धारित करें :**

(a) 25
(b) 5
(c) 4
(d) 16

**Ans. (a) :** $SE_{\bar{x}} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

$$\sqrt{n} = \frac{\sigma}{SE_{\bar{x}}}$$

$$\sqrt{n} = \frac{40}{8}$$

$$\sqrt{n} = 5$$

$$n = 25$$

**18. For a given set of paired data, the correlation and regression coefficients have been calculated as being equal to r, $b_{xy}$ and $b_{yx}$ respectively. Now, each of the values of the x series is divided by 5. What effect does it have on each of these co-efficients?**
**युग्मित आँकड़ों के किसी दिए गए समुच्चय के लिए सहसंबंध और प्रश्रगमन गुणांकों की गणना क्रमशः r, $b_{xy}$ और $b_{yx}$ के बराबर की गई है। अब यदि शृंखला के हर मान को 5 से भाग दिया जाता है। इनमें से हर गुणांक पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है?**

(a) The three co-efficients remain unchanged/तीनों गुणांक अपरिवर्तित रहते हैं।
(b) There is no change in r but by x changes to $b_{yx}/5$ and $b_{xy}$ changes to $5_{xy}/r$ में तो कोई परिवर्तन नहीं होगा पर $b_{yx}$ का परिवर्तन $b_{yx}/5$ में होता है और $b_{xy}$ का 5 $b_{xy}$ में परिवर्तन होता है।
(c) Each of the co-efficients will be reduced to one fourth of its value/हर गुणांक कम होकर अपने मान का एक-चौथाई हो जाएगा।
(d) There is no change in r but $b_{yx}$ changes to $5b_{yx}$ and $b_{xy}$ changes to $b_{xy}/5$
r में तो कोई परिवर्तन नहीं होगा पर $b_{yx}$ का परिवर्तन 5 $b_{yx}$ में होता है और $b_{xy}$ का $b_{yx}/5$ में परिवर्तन होता है।



Copyrighted material

Scanned with CamScanner

**Ans. (d) :** युग्मित आँकड़ों के समुच्चय के लिए सहसम्बन्ध और पश्चगमन गुणांकों की गणना क्रमशः r, $b_{xy}$ और $b_{yx}$ के बराबर की गई है। अब यदि शृंखला के हर मान को 5 से भाग दिया जाता है। इनमें से हर गुणांक पर r में तो कोई परिवर्तन नहीं होगा पर $b_{yx}$ का परिवर्तन $5b_{yx}$ में होता है और $b_{xy}$ का $b_{yx}/5$ में परिवर्तन होगा।

$= r = \sqrt{bxy.byx}$

**19. Which of the following statement is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) Co-efficient of variance $= \frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$ /प्रसरण का गुणांक $= \frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$

(b) If value in a series are negative, the standard deviation is also negative/यदि किसी शृंखला के मान ऋणात्मक हों, तो मानक विचलन भी ऋणात्मक होगा।

(c) If value in a series multiplied by σ, the variance would be multiplied by 36/यदि किसी शृंखला के मान को σ से गुणा किया जाए, तो प्रसरण 36 से गुणा हो जाएगा।

(d) Standard deviation is equal to square of variance/मानक विचलन प्रसरण के वर्ग के बराबर होगा।

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (a) सही है।

प्रसरण का गुणांक $= \frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$

यहाँ

σ = प्रमाप विचलन (Standard Deviation)

$\bar{X}$ = माध्य (Mean)

इसे माध्य से मानक विचलन के अनुपात के रूप में व्यक्त किया जाता है। यह जनसंख्या और प्रतिदर्श दोनों के लिए आधारित होता है। इसे आमतौर पर प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। यह एक प्रकार का परिक्षेपण माप है।

**20. For a poisson distribution variable X, P(X = 0) = 2P (X = 1), its standard deviation would be :**
**किसी पॉइसन वितरण के चर X के लिए, P (X = 0) = 2P (X = 1), तो इसका मानक विचलन होगा :**

(a) $\sqrt{2}$
(b) 0.5
(c) $\sqrt{0.5}$
(d) 2

**Ans. (c) :** Standard Deviation (S.D.) $= \sqrt{\lambda}$

$$P(x-x) = \frac{e^{-\lambda}\lambda^n}{n!}$$

$$P(n=0) = 2P(n=1)$$

$$\frac{e^{-\lambda}\lambda^0}{0!} = \frac{2 \times e^{-\lambda}\lambda}{1!}$$

$$\frac{1}{1} = \frac{2-\lambda}{1}$$

$$\lambda = \frac{1}{2}$$

$$S.D. = \sqrt{\lambda} = \sqrt{\frac{1}{2}} = 0.5$$

**21. A test that contains a fair sample of the tasks and skills actually needed for the job in question is :**
**कार्यों और कौशलों का एक परीक्षण जो उचित नमूनों को शामिल करता हो, वास्तविक रूप में विचाराधीन कार्य के लिए आवश्यक है?**

(a) Construct validity/निर्मित वैधता
(b) Content validity/विषय वैधता
(c) Test validity/परीक्षण वैधता
(d) Criterion validity/निकष वैधता

**Ans. (b) :** कार्यों और कौशलों का एक परीक्षण जो उचित नमूनों को शामिल करता हो, तो वास्तविक रूप से विचाराधीन कार्य के लिए विषय वैधता आवश्यक है। विषम वैधता उस निश्चित विशेष कार्य से सम्बन्धित होना चाहिए।

**22. Which among the following is not a primary determinant of organizational structure?**
**निम्नलिखित में कौन सा संगठनात्मक ढांचा का एक प्राथमिक निर्धारक नहीं है?**

(a) Chain and span/शृंखला और विस्तार
(b) Capacity and lower needs
क्षमता और कम आवश्यकताएं
(c) Power and control/शक्ति और नियंत्रण
(d) Differentiation and integration
विभेदीकरण और एकीकरण

**Ans. (b) :** क्षमता और कम आवश्यकताएँ संगठनात्मक ढाँचा का प्राथमिक कार्य नहीं है। जबकि शृंखला और विस्तार, शक्ति और नियंत्रण, विभेदीकरण और एकीकरण प्राथमिक निर्धारक हैं।

**23. An act in a way that results in the greatest good for the greatest number is :**
**एक तरीके का ऐसा कृत्य जिसकी परिणति सर्वाधिक संख्या के लिए सर्वाधिक हित में होती है:**

(a) The golden rule/स्वर्णिम नियम (गोल्डेन रूल)
(b) The utilitarian principle/उपयोगिता सिद्धान्त
(c) The four way test/फोर-वे परीक्षण
(d) Kant's categorical imperative/कांट की श्रेणीकृत अनिवार्यता

**Ans. (b) :** उपयोगिता सिद्धांत एक ऐसा कृत्य है, जिसकी परिणति सर्वाधिक संख्या के लिए सर्वाधिक हित में होती है

**24. People repeat behaviours that bring them satisfaction and pleasure and stop those that bring them dissatisfaction or pain is known as :**
**लोग ऐसे व्यवहारों को बार-बार करते है जो उन्हें संतुष्टि और खुशी प्रदान करते हैं तथा ऐसे व्यवहार करना छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें असंतुष्टि या कष्ट प्रदान करते हैं, इस नियम को क्या कहा जाता है :**

Easy Notes4u Online Study



Copyrighted material
Scanned with CamScanner

(a) Law of exercise/अभ्यास का नियम

(b) Law of redo/पुनः करने का नियम

(c) Law of effect/परिणाम का नियम

(d) Law of readiness/तत्परता का नियम

**Ans. (c) :** लोग ऐसे व्यवहार बार-बार करते हैं जो उन्हें संतुष्टि और खुशी प्रदान करते हैं तथा ऐसा व्यवहार करना छोड़ देते हैं, जिनमें उन्हें असंतुष्टि प्रदान होती है, इस नियम को परिणाम का नियम कहा जाता है।

**25. Which one of the following statements is true about under the Basel I Accord, BCBS, fixed the minimum requirement of capital fund for banks at?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? बेसेल I समझौते के अंतर्गत बीसीबीएस ने बैंकों की पूँजी निधि की न्यूनतम आवश्यकता कितनी निर्धारित की?**

(a) 8 percent of the total risk weighted assets/कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियों का 8 प्रतिशत

(b) 9 percent of the total risk weighted assets/कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियों का 9 प्रतिशत

(c) 10 percent of the total risk weighted assets/कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियों का 10 प्रतिशत

(d) 1000 crore/1000 करोड़

**Ans. (a) :** बेसेल-I (BASEL-I) के तहत, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले बैंकों को अपनी जोखिम-भारित संपत्तियों के आधार पर कम से कम पूँजी (8%) की न्यूनतम राशि बनाए रखने की आवश्यकता होती है। बेसेल I, II और III को सामूहिक रूप से बेसेल समझौते (BASEL Accords) के रूप में जाना जाता है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**26. Which of the following statements is correct relating to Indian Financial System?**
**भारतीय वित्तीय व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) RBI has direct supervision over depositories and mutual funds /निक्षेपागारों और म्युचुअल फंडों पर आरबीआई का प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण होता है।

(b) Monetary control is exercised through cash reserve ratio and statutory liquidity ratio./नकदी आरक्षित अनुपात और सांविधिक तरलता अनुपात के जरिए मौद्रिक नियंत्रण रखा जाता है।

(c) Primary dealers mainly deal in shares, mutual fund units/प्राथमिक व्यापारी मुख्यतः शेयरों और म्युचुअल फंड इकाइयों में व्यापार करते हैं।

(d) The decrease in statutory liquidity ratio contracts the credit creation./सांविधिक तरलता अनुपात में कमी होने से ऋण सृजन संकुचित हो जाता है।

**Ans. (b) :** भारतीय वित्तीय प्रणाली के अनुसार नकद आरक्षित अनुपात और सांविधिक तरलता अनुपात के जरिये मौद्रिक नियंत्रण रखा जाता है, अतः कथन (b) सत्य है।

**27. Which one of the following is not one of the advantages of Derivatives market?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा डेरिवेटिव बाजार का लाभ नहीं है?**

(a) Leveraging increase risk/लीवरेजिंग से जोखिम बढ़ जाती है।

(b) They enhance liquidity in the market for underlying assets/वे बाजार में अंतर्निहित परिसंपत्तियों की तरलता में वृद्धि करते हैं।

(c) They represent a form of insurance against risks/वे जोखिमों की बीमा का एक रूप हैं।

(d) They reduce price volatility/वे मूल्य चपलता में कमी लाते हैं।

**Ans. (a) :** वित्तीय प्रणाली में लीवरेजिंग से जोखिम बढ़ जाती है, ये डेरिवेटिव बाजार का लाभ नहीं है। जबकि उपर्युक्त विकल्प में अन्य तीन लीवरेजिंग के लाभ है।

**28. Which of the following statements is not true about Indian Money Market?**
**भारतीय मुद्रा बाजार के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) Non-Banking Finance Companies (NBFCs) are financial institutions that constitute organized component of money market/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ वित्तीय संस्थाएँ हैं जो मुद्रा बाजार के संगठित घटक होती है।

(b) Money market mutual funds are allowed to sell units to corporates and individuals/मुद्रा बाजार म्युचुअल फंडों को कॉर्पोरेट और व्यक्तियों को इकाईयाँ बेचने की अनुमति होती है।

(c) A Well-developed money market is essential for a modern economy/आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सुविकसित मुद्रा बाजार आवश्यक है।

(d) In the Indian Money Market, the predominant place is enjoyed by government and semi-government securities/भारतीय मुद्रा बाजार में सरकारी व अर्ध-सरकारी प्रतिभूतियों का प्रमुख स्थान है।

**Ans. (a) :** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ वित्तीय संस्थाएँ हैं जो मुद्रा बाजार के संगठित घटक नहीं होती है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ वे वित्तीय संस्थान है जो विभिन्न बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करती है लेकिन उनके पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं होता है। इन संस्थानों को पारंपरिक माँग जमा जैसे कि चेक या बचत खातों में जनता से लेने की अनुमति नहीं होती है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**29. Which of the following is not true while determining length of distribution channel?**
**वितरण चैनल के विस्तार के निर्धारण करने में इनमें से कौन सही नहीं है?**

(a) The larger the market size, the longer the channel/जितना बड़ा बाजार का आकार उतना लंबा चैनल

(b) If the average lot size is large, it is better to have a longer channel/यदि लॉट का औसत आकार बड़ा है तो लंबा चेनल बेहतर है।



Copyrighted material

Scanned with CamScanner

(c) If the product and the market require a high level of service, it is advisable to keep a shorter channel/यदि उत्पाद एवं बाजार को उच्च स्तर की सेवाओं की आवश्यकता है तो छोटा चैनल रखना बेहतर है।

(d) If customers shop for an assortment of products, it demands for a water channel of distribution/यदि उपभोक्ता विभिन्न प्रकार के उत्पाद खरीदता है तो यह विस्तृत वितरण चैनल की माँग करेगा।

**Ans. (b) :** वितरण चैनल के विस्तार के निर्धारण में यदि लॉट का औसत आकार बड़ा है तो लम्बा चैनल बेहतर है, ये विस्तार का निर्धारण घटक नहीं है, अतः यह कथन सही नहीं है, अन्य तीन विकल्प सही है।

**30. Which of the following can be categorized as people processing services?**
**इनमें से किसको जब-समूह प्रक्रियन सेवाओं ( पिपुल प्रोसेसिंग सर्विसेस ) में वर्गीकृत किया जा सकता है?**

(a) Health care/स्वास्थ्य सेवाएँ
(b) Legal services/कानूनी सेवाएँ
(c) Education/शिक्षा
(d) Transportation/परिवहन

**Ans. (a) :** स्वास्थ्य सेवाओं को समूह प्रक्रियन सेवाओं में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह वह सेवाएँ हैं जो सीधे तौरपर लक्षित नागरिकों को प्रदान की जाती है। जबकि निम्न तीन को वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है–
1. कानूनी सेवाएँ
2. शिक्षा
3. परिवहन

**31. SBUs or products that have lost their position of leadership and are in the low growth markets, are known as**
**ऐसे एस बी यू या उत्पाद जिन्होंने अगुवाई की अपनी स्थिति खो दी है और निम्न संवृद्धि बाजारों में हैं, कहे जाते हैं :**

(a) Star/स्टार
(b) Problem child/प्रोब्लम चाईल्ड
(c) Dog/डॉग
(d) Cash cow/कैश काउ

**Ans. (c) :** BCG का मतलब बोस्टन कसल्टिंग ग्रुप है, इसे बी सी जी मैट्रिक्स भी कहा जाता है। इसे बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा विकसित किया गया है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक विश्व प्रसिद्ध प्रबंध परामर्श फर्म है। यह एक विविध कम्पनी के व्यापार पोर्टफोलियो का विश्लेषण करने के लिए एक उपयोगी उपकरण है। बीसीजी मैट्रिक्स में एस.बी.यू. (रणनीतिक व्यापार इकाई) कम्पनी की एक इकाई है, जिसका एक अलग मिशन और उद्देश्य है, जिसे अन्य कम्पनी व्यवसायों से स्वतंत्र रूप से योजना बनाई जा सकती है। बीसीजी मैट्रिक्स के 4 प्रकार के एसबीयू हैं,
1. सितारे (Star)– उच्च विकास, उच्च शेयर व्यवयाय को इंगित करते हैं।
2. नकदी गाय (Cash Cow)– कम विकास, उच्च शेयर व्यवसाय को इंगित करते है।
3. प्रश्न चिह्न (Question mark)–उच्च विकास वाले बाजारों में कम-शेयर वाली व्यावसायिक इकाइयाँ।
4. कुत्ते (Dog)– कम विकास, कम शेयर वाले व्यवसाय।

**32. Which of the following is not a valid basis for market segmentation?**
**बाजार खंडीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा वैध आधार नहीं है?**

(a) Customer Based Segmentation/ग्राहक-आधारित खंडीकरण
(b) Technology Oriented Segmentation/टेक्नोलॉजी-आधारित खंडीकरण
(c) Competition Related Segmentation/प्रतियोगिता-संबंधी खंडीकरण
(d) Product Related Segmentation/उत्पाद-संबंधी खंडीकरण

**Ans. (b) :** बाजार खण्डीकरण संभावित उपभोक्ताओं को जनसांख्यिकी, व्यवहार और विभिन्न विशेषताओं जैसे कारकों के आधार पर विभिन्न समूहों में विभाजित करने की प्रक्रिया है। बाजार विभाजन कम्पनियों को समान हितों, जरूरतों और आदतों वाले उपभोक्ताओं के विशिष्ट समूहों को बेहतर ढंग से समझने और बाजार में लाने में मदद करता है। बाजार खण्डीकरण को चार आधार पर विभाजित किया जा सकता है–
1. भौगोलिक विभाजन (Geographic segmentation)
2. जनसांख्यिकीय विभाजन (Demographic segmentation)
3. व्यवहार विभाजन (Behavioural segmentation)
4. मनोवैज्ञानिक विभाजन (Psychographic segmentation)
तकनीकी आधारित खण्डीकरण बाजार विभाजन का वैध आधार नहीं है।

**33. Which one of the following statements is a promissory note?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एक प्रतिज्ञा पत्र है :**

(a) I promise to pay Q Rs. 7,000, 7 days after my marriage./मैं अपने विवाह के 7 दिनों के बाद Q को 7,000 रूपये का भुगतान करने का वचन देता हूँ।
(b) On demand, I promise to pay B or bearer Rs. 5,000/मैं माँग किये जाने पर B अथवा धारक को 5,000 रूपये का भुगतान करने का वचन देता हूँ।
(c) I promise to pay Rs. 5,000 on C's death provided C leaves with me enough money to pay that sum/मैं C को मृत्यु पर 5,000 रूपये का भुगतान करने का वचन देता हूँ बशर्ते कि C मेरे पास इस धनराशि का भुगतान करने हेतु पर्याप्त धनराशि छोड़कर जाता है।
(d) I acknowledge to be indebted to you for Rs. 10,000 to be paid on demand for value



Easy Notes 4u Online Study
Scanned with CamScanner

received./मैं आपके प्रति 10,000 रूपये का ऋणी होना स्वीकार करता हूं जिसे प्राप्त मूल्य के लिए माँग करने पर अदा किया जाएगा।

**Ans. (d) :** भारत में प्रतिज्ञा पत्र एक कानूनी साधन है जिसे देय नोट के नाम से भी जाना जाता है। इसमें एक पक्ष (जारीकर्ता) गारण्टी देता है या लिखित रूप में दूसरे पक्ष (प्राप्तकर्ता) को नकद की एक निश्चित राशि का निश्चित समय पर विशेष शर्तों के साथ भुगतान करने का वादा करता है। अतः विकल्प (d) सही है।

**34. A claim for 'quantum meruit' cannot succeed :**
**'क्वांटम मेरिट' का दावा सफल नहीं हो सकता है:**

(a) When a divisible contract is partly performed
जब एक विभाज्य संविदा अंशतः निष्पादित की जाती है।

(b) When an indivisible contract for a lumpsum is partly performed
जब किसी एकमुश्त धनराशि हेतु अविभाज्य संविदा अंशतः निष्पादित होती है।

(c) When a contract is discovered to be unenforceable due to some technical defect.
जब किसी संविदा को कतिपय तकनीकी त्रुटि की वजह से न लागू करने योग्य पाया जाता है।

(d) In the case of breach of contract, the aggrieved party can claim reasonable compensation for what he has done under the contract.
संविदा उल्लंघन के मामलें में, पीड़ित पक्ष संविदा के अनुसार तर्कसंगत मुआवजें का दावा कर सकता है।

**Ans. (b) :** क्वांटम मेरिट एक लैटिन वाक्यांश है और यह भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत आता है। क्वांटम मेरिट का शब्दिक अर्थ है 'जितना योग्य है' या 'जितना कमाया गया है।' अर्थात् किये गये कार्य की मात्रा के अनुपात में भुगतान, जहां एक पक्ष ने अपने वादे का हिस्सा पूरा कर लिया है और फिर अनुबन्ध का उल्लंघन होता है, तो क्वांटम मेरिट के लिए दावा उत्पन्न होता है। जब मूल अनुबन्ध का निर्वहन किया जाता है अर्थात् जब किसी एक मुश्त धनराशि हेतु अविभाज्य संविदा अंशतः निष्पादित होती है, तो क्वांटम मेरिट का दावा सफल नहीं हो सकता है।

**35. The first offence for infringement of copyright can be for a maximum of imprisonment for a term of**
**कॉपीराइट उल्लंघन के पहले अपराध हेतु कारावास की सजा की अधिकतम अवधि है:**

(a) 6 month and a fine of Rs. 20,000/6 महीना और 20,000 रूपये का अर्थ दंड

(b) 3 years and a fine of Rs. 50,000/3 वर्ष और 50,000 रूपये का अर्थ दंड

(c) 3 years and a fine of Rs. 2,00,000/3 वर्ष और 2,00,000 रूपये का अर्थ दंड

(d) 1 year and a fine of Rs. 3,00,000/1 वर्ष और 3,00,000 रूपये का अर्थ दंड

**Ans. (c) :** कॉपीराइट अधिनियम, 1957– वर्ष 1957 में कॉपीराइट अधिनियम, बनाकर बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की रक्षा के लिए इस कानून को देशभर में लागू किया गया। इसके अन्तर्गत किताबें, चित्रकला, मूर्तिकला सिनेमा, संगीत, कम्प्यूटर प्रोग्राम, विज्ञापन, मानचित्र और तकनीकी चित्रांकन को सम्मिलित किया जाता है। कॉपीराइट उल्लंघन के पहले अपराध हेतु 3 वर्ष की करावास और 200000 रूपये तक का अर्थदण्ड की अधिकतम सजा हो सकती है।

**36. Which one of the following conditions does not constitute a valid agency by necessity?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त आवश्यकतानुसार एक वैध-एजेंसी नहीं बनती?**

(a) There should have been actual and definite commercial necessity for the agent to act promptly/एजेण्ट द्वारा तत्परता पूर्वक कार्य किए जाने के लिए वास्तविक और निश्चित वाणिज्यिक आवश्यकता होनी चाहिए।

(b) The agent should have acted bonafide and for the benefit of the principal/एजेण्ट को नेकनीयती से और अपने स्वामी (प्रिंसपल) के लाभ हेतु काम करना चाहिए।

(c) The agent should have adopted the most reasonable and practicable course under the circumstances./एजेण्ट को परिस्थितियों के अंतर्गत सर्वाधिक तर्कसंगत और व्यावहारिक तरीका अपनाना चाहिए।

(d) Destruction of the subject matter of the contract of agency/एजेन्सी के संविदा की विषयवस्तु का नष्ट हो जाना।

**Ans. (d) :** एजेंसी का अनुबन्ध कानूनी सम्बन्ध है, जहाँ एक व्यक्ति अपनी ओर से लेनदेन करने के लिए दूसरे को नियुक्त है। जो व्यक्ति अपने लेन-देन की देखभाल करने के लिए दूसरे को नियुक्त करता है, वह मूल व्यक्ति कहलाता है। जबकि मूल व्यक्ति के लेन-देन को देखने वाला व्यक्ति एजेण्ट होता है। एजेंसी का अनुबन्ध भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के तहत एक विशेष अनुबन्ध है। इस संविदा के अनुसार अगर एजेंसी के संविदा की विषय-वस्तु नष्ट हो जायेगी तो यह वैध एजेंन्सी नहीं हो सकती है। एजेंसी अनुबन्ध में विषय-वस्तु का होना नितान्त आवश्यक है।

**37. If assessee is engaged in the business of growing and manufacturing tea in India, the non-agricultural income in that case be :**
**यदि निर्धारित भारत में चाय की पैदावार और उत्पादन के व्यवसाय में लगा है, तो इस मामले में गैर कृषि आय क्या होगी?**

(a) 40% the income from such business/ऐसे व्यवसाय से आय का 40 प्रतिशत

(b) 25% the income from such business/ऐसे व्यवसाय से आय का 25 प्रतिशत

(c) 60% the income from such business/ऐसे व्यवसाय से आय का 60 प्रतिशत



Copyrighted material

Scanned with CamScanner

(d) 75% the income from such business/ऐसे व्यवसाय से आय का 75 प्रतिशत

**Ans. (a) :** भारतीय आयकर अधिनियम में भारत में चाय की पैदावार और उत्पादन के व्यवसाय में लगा है, तो इसके अनुसार गैर कृषि आय होगी–
ऐसे व्यवसाय से आय 40% गैर कृषि आय होगी, और 60% कृषि आय होगी।

**38. AMT provisions are applicable on :**
**ए एम टी प्रावधान लागू होते हैं :**

(a) Corporate assessee
कारपोरेट कर निर्धारिती पर

(b) Non Corporate assessee
गैर कारपोरेट कर निर्धारिती पर

(c) HUF/एच यू एफ पर

(d) An Individual/किसी व्यक्ति पर

**Ans. (b) :** Alternate Minimum Tax (वैकल्पिक न्यूनतम कर) एक गैर-कॉर्पोरेट करदाताओं के लिए अस्तित्व में आया जो समान सिद्धांतों पर काम करते हैं। यह कर वित्तीय वर्ष के लिए आयोजित कुल आय पर लगाया जाता है।

**39. X, an employee of the private company, gets Rs. 30,000 p.m. basic salary and entitled to Rs. 1,500 p.m. as entertainment allowance. What are the deductions u/s 16 (ii) from gross salary in respect of entertainment allowance?**
**निजी कंपनी के एक कर्मचारी X को 30,000 रूपये प्रति माह मूल वेतन मिलता है और मनोरंजन भत्ते के रूप में 1,500 रूपये प्रति माह का हकदार हैं। मनोरंजन भत्ते के संबंध में कुल वेतन से धारा 16(ii) के अंतर्गत कितनी कटौती होगी?**

(a) Rs. 5,000
(b) Rs. 18,000
(c) Rs. 72,000
(d) Nil

**Ans. (d) :** भारतीय आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत वेतन शीर्षक के अन्तर्गत कुल वेतन से धारा 16(ii) के अन्तर्गत शून्य कटौती मिलेगी, क्योंकि निजी कम्पनी के कर्मचारी को मिलने वाला मनोरंजन भत्ते कर-मुक्त नहीं होते हैं, जबकि सरकारी कर्मचारी, 5000 रूपये तक की कटौती मिलती है।

**40. Which of the following provident fund is approved by the provident fund commissioner?**
**भविष्य निधि आयुक्त द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी भविष्य निधि का अनुमोदन किया जाता है?**

(a) Statutory provident fund
सांविधिक भविष्य निधि

(b) Recognized provident fund
मान्यता प्राप्त भविष्य निधि

(c) Unrecognized provident fund
अमान्यता प्राप्त भविष्य निधि

(d) Public provident fund/लोक भविष्य निधि

**Ans. (b) :** मान्यता प्राप्त भविष्य निधि– कोई भी प्रतिष्ठान जिसे आयकर आयुक्त द्वारा मान्यता प्राप्त है, उसे मान्यता प्राप्त भविष्य निधि कहा जाता है। मान्यता प्राप्त होने के लिए 20 या अधिक सदस्यों का एक संगठन भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के दिशा निर्देशों के अनुसार धन का निवेश करेगा और भविष्य निधि आयुक्त से अनुमोदन प्राप्त कर सकता है। यह आयकर अधिनियम की धारा 10(12) में उल्लिखित है।

**41. Which of the following institutions are included in the 'World Bank Group'?**
**निम्नलिखित में कौन-सी संस्थाएँ 'वर्ल्ड बैंक समूह' में सम्मिलित हैं?**

**(a) International Finance Corporation**
**अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम**

**(b) International Monetary Fund**
**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष**

**(c) World Trade Organization**
**विश्व व्यापार संगठन**

**(d) Multilateral Investment Guarantee Agency**
**मल्टीलैटरल इन्वेस्टमेंट गारंटी एजेंसी**

**(e) International Development Association**
**अंतरराष्ट्रीय विकास संघ**

**Choose the correct answer from the options given below:**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(a) A, B and C only
(b) A, B and D only
(c) A, B, D and E only
(d) A, D and E only

**Ans. (d) :** विश्व बैंक समूह निम्नलिखित पाँच अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का एक ऐसा समूह है, जो सदस्य देशों को आर्थिक-वित्तीय सहायता और वित्तीय सलाह देता है।
1. पुनर्निर्माण और विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD)– स्थापना वर्ष 1945
2. अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) वर्ष 1956
3. अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) वर्ष 1960
4. निवेश विवादों के निपटारे के लिए अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र (ICSID) वर्ष 1966
5. बहुपक्षीय निवेश गारण्टी एजेंसी (MIGA) – वर्ष 1988

**42. Corporate social responsibility is the continuing commitment by business to behave ethically and contribute to**
**कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का तात्पर्य है नैतिक व्यवहार करने और निम्नलिखित में योगदान करने की व्यवसायों की सतत प्रतिबद्धता :**

**(A) Political awareness social security and inclusion**
**राजनीतिक जागरूकता, सामाजिक सुरक्षा और समावेशन**

**(B) Public health, education and literacy**
**लोक स्वास्थ्य शिक्षा और साक्षरता**



Easy Notes 4u Online Study

Copyrighted material

Scanned with CamScanner

(C) Maintaining ecological balances and protecting environment
पारिस्थितिकी संतुलनों को बनाए रखना और पर्यावरण की सुरक्षा करना

(D) Gender diversity, profiteering and market controlling
लिंग विविधता, मुनाफाखोरों और बाजार नियंत्रीकरण

(E) Rendering, sponsoring and donating to social charitable activities
सामाजिक व दानार्थ क्रियाकलाप करना, प्रायोजित करना और उनके लिए दान करना

Choose the correct answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B and D only/केवल A, B और D
(b) B, C and E only/केवल B, C और E
(c) C, D and E only/केवल C, D और E
(d) A, B and C only/केवल A, B और C

**Ans. (b) :** कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) व्यवसाय द्वारा नैतिक रूप से व्यवहार करने, कार्यबल और उनके परिवारों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हुए आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता है। यहाँ परिवेश में प्रकृति में सुधार भी शामिल है।

**43. Firm characteristics that help managers identify core compentencies include :**
प्रतिष्ठान के जिन अभिलक्षणों के प्रबंधक मूल क्षमताओं की पहचान करता है, उनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

(i) Potential access to wide variety of markets
विविध प्रकार के बाजारों तक संभाव्य पहुँच

(ii) Significantly contribute to the perceived customer benefits
ग्राहक के प्रतीत होने वाले लाभों में महत्वपूर्ण योगदान करना

(iii) Value accretive and non competitive
मूल्य-अभिवर्धक और गैर-प्रतियोगी

(iv) Distinctive and difficult for competitors to imitate
विशिष्ट और प्रतियोगियों के लिए अनुकरण करने में कठिन

Choose the most appropriate answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, B and D only/केवल A, B और D
(d) A, C and D only/केवल A, C और D

**Ans. (c) :** किसी भी संगठन के लिए इसकी मुख्य योग्यता क्षमताओं, ज्ञान, कौशल और संसाधनों को संदर्भित करती है, जो इसकी शक्ति का गठन करती है। एक कम्पनी की मुख्य योग्यता अलग होती है, और इसलिए अन्य संगठनों द्वारा आसानी से दोहराई नहीं जाती है, चाहे वे मौजूदा प्रतिस्पर्धी हों या इसके बाजार में नए प्रवेशकार्ता हों। एक कम्पनी के पास मुख्य दक्षतायें हो सकती हैं–
1. विविध प्रकार के बाजारों तक सम्भाव्य पहुँच।
2. ग्राहक के प्रतीत होने वाले लाभों में महत्त्वपूर्ण योगदान करना।
3. विशिष्ट और प्रतियोगियों के लिए अनुकरण करने में कठिन।
4. उत्पाद की गुणवत्ता।
5. नवाचार, आदि हैं।

**44. Which of the following distinction (s) is/are not correct between public issue and rights issue?**
सार्वजनिक निर्गमन और अधिकार निर्गमन के बीच निम्नलिखित में से कौन सा अंतर सही नहीं है।

(i) In public issue, applications for shares are invited from the general public and in rights issue, the shares are offered to existing shareholders
सार्वजनिक निर्गमन में शेयरों के लिए आवेदन आम लोगों से मांगे जाते हैं और अधिकार निर्गमन में शेयर मौजूदा शेयरधारकों को प्रदान किए जाते हैं।

(b) In public issue there is no question of any over-subscription and in rights issue the shares may be under subscribed or over subscribed leading to prorata allotment.
सार्वजनिक निर्गमन में अत्यभिदत्त का कोई सवाल नहीं हो और अधिकार निर्गमन में शेयरों को अल्प अभिदत्त या अति अभिदत्त किया जा सकता है जिससे यथानुपात आवंटन होता है।

(c) The price of public issue is generally less than the market price and in rights issue, the price is deliberately made less than the market price.
सार्वजनिक निर्गमन की कीमत सामान्यतः बाजार कीमत से कम होती है और अधिकार निर्गमन में कीमत को जानबूझकर बाजार कीमत से कम की जाती है।

(d) In a public issue, the communication of the issue is through prospects or advertisements and in rights issue the communication is between the company and the existing members of the company.
सार्वजनिक निगर्मन में निर्गमन का संप्रेषण विवरण पत्रिका या विज्ञापनों के माध्यम से होता है और अधिकार निर्गमन में संप्रेषण कंपनी और कंपनी के मौजूदा सदस्यों के बीच होता है।

Choose the most appropriate answer from the options given below :
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) B only/केवल B
(b) D only/केवल D



Copyrighted material

Scanned with CamScanner

(c) A and C only/केवल A और C

(d) C and D only/केवल C और D

**Ans. (a) : सार्वजनिक निर्गमन–** यह जनता से बड़े पैमाने पर धन जुटाने का सबसे आम तरीका है। इसे कम्पनियों के प्रमोटरों द्वारा निजी तौर पर वित्त पोषित किये जाने के बजाय सार्वजनिक बाजार पर स्टॉक जारी करने के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो व्यवसाय को शुरू करने, उत्पादन करने या चालू रखने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं हो सकती है। सार्वजनिक रूप से स्टॉक जारी करके, यह जनता को कम्पनी के एक हिस्से के मालिक होने की अनुमति देता है। जबकि अधिकार निर्गमन कम्पनी के मौजूदा सुरक्षा धारकों के लिए बनाई गयी कम्पनी में अतिरिक्त प्रतिभूतियां को खरीदने के अधिकारों का निर्गमन है। जो कम्पनी आम जनता के लिए निर्गमन नहीं करती है। सार्वजनकि निर्गमन में अभिदत्त पूंजी का उल्लेख भी होता है।

**45. According to AS-2, which of the following costs should be included in valuing the inventories of a manufacturing company?**
**ए एस-2 के अनुसार विनिर्माण करने वाली कंपनी के स्कन्ध के मूल्यांकन में निम्नलिखित में से किन लागतों को शामिल किया जाना चाहिए?**

**(i) Freight and insurance**
**भाड़ा और बीमा**

**(ii) Carriage outwards**
**माल जावक भाड़ा**

**(iii) Depreciation of factory plant**
**कारखाना संयंत्र का अवमूल्यन**

**(iv) General administrative overheads**
**सामान्य प्रशासनिक उपरिव्यय**

**Choose the most appropriate answer from the options given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A and D only/केवल A और D

(b) A, B and D only/केवल A, B और D

(c) B and C only/केवल B और C

(d) A and C only/केवल A और C

**Ans. (d) :** स्कन्ध का मूल्यांकन कम लागत और शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाना चाहिए। स्कन्ध के मूल्यांकन के निम्न चरण होते हैं–

1. स्कन्ध के लागत निर्धारित करें।
2. स्कन्ध का शुद्ध वसूली योग्य मूल्य निर्धारित करें।
3. लागत और शुद्ध वसूली योग्य मूल्य के बीच तुलना करने पर, दानों में से कम को स्कन्ध के मूल्य के रूप में माना जाता है। इसमें भाड़ा, बीमा, कारखाना संयंत्र का मूल्यांकन, आदि को सम्मिलित किया जाता है।

**46. Which of the following rules stands true while preparing schedule of changes in working capital?**
**निम्नलिखित में से कौन-से नियम कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की सूची तैयार करने के संबंध में सही है?**

**(i) An increase in current assets increases working capital**
**चालू सम्पत्तियों में वृद्धि से कार्यशील पूंजी में वृद्धि होती है।**

**(ii) An increase in current assets decreases working capital**
**चालू सम्पत्तियों में वृद्धि से कार्यशील पूंजी घटती है।**

**(iii) An increase in current liabilities decreases working capital**
**चालू देयताओं में वृद्धि होने से कार्यशील पूंजी घटती है।**

**(iv) An increase in current liabilities increase working capital**
**चालू देयताओं में वृद्धि होने से कार्यशील पूंजी बढ़ती है।**

**Choose the most appropriate answer from the options given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A and C only/केवल A और C

(b) A and D only/केवल A और D

(c) B and D only/केवल B और D

(d) A, B and C only/केवल A, B और C

**Ans. (a) :** कार्यशील पूंजी से आशय उस पूंजी की मात्रा से है, जिसका निवेश चालू सम्पत्तियों (जैसे-प्राप्य विपत्र, देनदार, कच्चा माल, अर्द्ध निर्मित माल, निर्मित माल) में किया जाता है। यह अल्पकाल के लिए होती है।

Working Capital = Current Assets– Current Liabilities

चालू सम्पत्तियों में वृद्धि से कार्यशील पूंजी बढ़ती है, और चालू दायित्व में वृद्धि होने से कार्यशील पूंजी घटती है।

**47. Characteristics constituting the core of consumers rationality includes :**
**उपभोक्ता की मूल तार्किकता में अभिलक्षणों में शामिल होती है:**

**(a) Homogeneous expectations**
**समरूप प्रत्याशायें**

**(b) Non- satiation/ अतृप्ति**

**(c) Selfish motive/ स्वार्थ-प्रेरित प्रयोजन**

**(d) Clarity of preferences**
**वरीयता की स्पष्टता**

**(e) Possession of information**
**सूचना स्वामित्व**

**Choose the correct answer from the options given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**



Copyrighted material

Scanned with CamScanner

(a) A, B and C only/केवल A, B और C
(b) B, C and D only/केवल B, C और D
(c) A, B, C and D only/केवल A, B, C और D
(d) B, C, D and E only/केवल B, C, D और E

**Ans. (d) :** उपभोक्ता के मूल्य तार्किकता के लक्षणों में अतृप्ति, स्वार्थ अभिप्रेरित नियोजन, वरीयता की स्पष्टता और सूचना स्वामित्व शामिल आदि को सम्मिलित किया जाता है।

**48. Why is indifference curve convex to the origin?**
**एक अनधिमान वक्र अपने मूल में उत्तल क्यों होता है?**

**(A) Indifference curve slope downward to the right**
**अनधिमान वक्र दक्षिणदिशा में नीचे की ओर झुका होता है।**

**(B) Two commodities are imperfect substitutes**
**दो वस्तुएँ अपूर्ण प्रतिस्थापन्न हैं**

**(C) Declining marginal rate of substitution between commodities**
**दो वस्तुओं के बीच प्रतिस्थापन की ह्रासमान सीमांत दर**

**(D) Diminishing marginal utilities**
**ह्रासमान सीमांत उपयोगितायें**

**Choose the most appropriate answer from the options given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A and B only/केवल A और B
(b) B and C only/केवल B और C
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A and D only/केवल A और D

**Ans. (b) :** एक उदासीनता वक्र वस्तुओं के संयोजना को दर्शाता है, जिसके प्रति उपभोक्ता उदासीन है। उदासीनता वक्र बायें से दायें नीचे की ओर झुकता है, क्योंकि जैसे उपभोक्ता एक वस्तु की खपत बढ़ाता है, वह अपनी संतुष्टि को स्थिर रखने के लिए दूसरे की कम खपत करता है। उदासीनता वक्र मूल के उत्तल होते हैं, जैसे ही उपभोक्ता एक वस्तु के दूसरे पर अपने उपयोग को बढ़ाना शुरू करता है, वक्र प्रतिस्थापन की सीमांत दर का प्रतिनिधित्व करता है।

**49. Financial crises takes the form of**
**वित्तीय संकट निम्नलिखित रूप लेता है:**

**(a) Currency crisis/मुद्रा संकट**

**(b) Banking crisis/बैंकिंग संकट**

**(c) Systematic financial crisis**
**व्यवस्थित वित्तीय संकट**

**(d) Foreign debt crisis**
**विदेशी ऋण संकट**

**Choose the correct answer from the options given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) A, B, D only/केवल A, B, D
(c) B, C, D only/केवल B, C, D
(d) A, B, C, D only/केवल A, B, C, D

**Ans. (b) :** वित्तीय संकट तब होता है, जब वित्तीय साधनों और सम्पत्तियों के मूल्य में उल्लेखनीय कमी आती है। जिसके फलस्वरूप व्यवसायों को अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा करने में परेशानी होती है, और वित्तीय संस्थानों में परियोजनाओं को निधि देने और तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी या परिवर्तनीय सम्पत्ति की कमी होती है। यही आगे चलकर मुद्रा संकट, बैंकिंग संकट और विदेशी ऋण संकट का रूप ले लेता है।

**50. Following are the problems that mar an optimal international diversification :**
**इष्टतम अंतर्राष्ट्रीय विविधीकरण को बिगाड़ने वाली समस्याएँ निम्नलिखित हैं:**

**(a) Unfavourable exchange rate movements**
**विनिमय दर में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव**

**(b) Frictions in international markets**
**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में घर्षण**

**(c) Manipulation of security prices**
**प्रतिभूति कीमतों में हेरफेर**

**(d) Unequal access to information**
**सूचना तक असमान पहुँच**

**Choose the most appropriate answer from the option given below :**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A, B, C only/केवल A, B, C
(b) B, C, D only/केवल B, C, D
(c) A, C, D only/केवल A, C, D
(d) A, B, C, D only/केवल A, B, C, D

**Ans. (d) :** इष्टतम विविधीकरण जिसे मार्कोविट्ज विविधीकरण के रूप में भी जाना जाता है। एक विविध पोर्टफोलियो बनाने के लिए एक अलग दृष्टिकोण लेता है। यहाँ, उन सम्पत्तियों को खोजने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, जिनका एक-दूसरे के साथ सम्बन्ध पूरी तरह से सकारात्मक नहीं है। इसमें निम्न समस्यायें हैं–विनिमय दर में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में घर्षण, प्रतिभूति कीमतों में हेर-फेर, सूचना तक असमान पहुँच, आदि हैं।

**51. Which of the following statement is correct about Mann-Whitney U-test?**
**मैन-व्हिटनी यू-परीक्षण के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

**(a) It is non parametric test**
**यह गैर-प्राचलिक परीक्षण है।**

**(b) It requires that samples are independent**
**इसके लिए आवश्यक है कि प्रतिदर्श स्वतंत्र हों।**

**(c) it can be used when populations involved are normally distributed**



Copyrighted material
Scanned with CamScanner

जब सम्मिलित जनसंख्याएँ सामान्यतः वितरित हों, तो इसका प्रयोग किया जा सकता है।

**(d) It is used to test the null hypothesis that the two populations are involved are identical**
